अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में 8 मार्च से 12 मार्च 2016 तक पाँच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रैड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने शिविर में मौजूद स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का हिस्सा बन कर विद्यार्थी राष्ट्रीय एकता और विश्व बन्धुत्व की भावना जागृत कर समाज उपयोगी कार्यों में योगदान दे सकते हैं. रैड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर में सेवा, मानवता, सहयोग और सहानुभूति की सीख विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है– इस शिविर के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप में डॉ0 एस.के. चक्रवर्ती उपस्थित थे. इस शिविर के संयोजक अग्रवाल महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ0 जयपाल सिंह ने स्वयंसेवकों को निष्पक्ष भाव से सहयोग और सेवा करने की प्रतिज्ञा दिलवाई. रैड क्रास सोसायटी फरीदाबाद के सचिव श्री डी. आर. शर्मा ने स्वयंसेवकों को उनके दायित्वों और कर्त्ताव्यों के बारे में बताते हुए कहा कि धर्म, जाति, सम्प्रदाय, वर्ण इत्यादि भेदवाद से ऊपर उठकर मानव–मात्र के प्रति सेवा भाव होना ही स्वयंसेवकों का आदर्श होना चाहिए. रैड क्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के सह–सचिव श्री बी.बी. कथूरिया ने पाँच दिन के कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा के प्रशिक्षण के साथ–साथ सड़क सुरक्षा, सामाजिक–चेतना, राष्ट्रीय भावना इत्यादि विषयों से भी परिचित करवाया जाएगा. अलग–अलग प्रतियोगिताओं के माध्यम से ज्ञानवर्द्धन और मिल जुलकार काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा.

शिविर में फरीदाबाद से डी.ए.वी. शताब्दी महाविद्यालय, के.एल. मेहता दयानन्द महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय, राजकीय महिला महाविद्यालय, अग्रवाल महावविद्यालय के तीनों संभाग एवं राजकीय महाविद्यालय तिगाँव के यूथ रैड क्रॉस के विद्यार्थी और प्रभारी उपस्थित थे.